RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 26 फरवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 305 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मनोज जरांगे ने फडणवीस पर लगाए हत्या के प्रयास के आरोप...

## मुंबई में 'सागर बंगला' के बाहर करेंगे प्रदर्शन





**मुंबई:** मराठा समुदाय को आरक्षण के लिए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज जरांगे ने रविवार को कहा कि वह मुंबई मार्च करेंगे और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जरांगे ने भाजपा के वरिष्ठ नेता फडणवीस पर उनकी हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया। जालना जिले के अंतरवाली सराटी में एक घंटे से अधिक के अपने भाषण के अंत में जरांगे ने यह घोषणा की। उन्होंने फडणवीस पर कई आरोप भी लगाए।

**भाजपा नेताओं ने दी प्रतिक्रिया**

वहीं, भाजपा विधायक नितेश राणे ने पलटवार करते हुए जरांगे को चेतावनी दी कि उन्हें फडणवीस तक पहुंचने के लिए ''पार्टी कार्यकर्ताओं की विशाल दीवार'' को पार करना होगा। उन्होंने दावा किया कि जरांगे अभी एक 'पटकथा' पढ़ रहे हैं।

राणे ने कहा, ''उन्हें राजनीति में आना चाहिए, लेकिन उन्हें फडणवीस के खिलाफ आरोप लगाने के लिए इस निम्न स्तर तक नहीं जाना चाहिए।'' भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने कहा कि जरांगे का 'असली चेहरा' अब सबके सामने है। भातखलकर ने कहा कि ''महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण (20 फरवरी को विधानमंडल में पारित एक विधेयक के जरिये) दिया है।

### फडणवीस के आवास तक करेंगे मार्च

जरांगे ने कहा कि ''कुछ लोगों को प्रलोभन दिया जा रहा और मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए उन पर दबाव डाला जा रहा। इन साजिशों के पीछे फडणवीस का हाथ है। मैं इसी वक्त सागर बंगला (मुंबई के मालाबार हिल में फडणवीस का आधिकारिक आवास) तक मार्च करने के लिए तैयार हूं।'' उनकी इस घोषणा से सभा स्थल पर अफरा-तफरी मच गई, जहां जरांगे के समर्थक बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। यहां तक कि उनमें से कुछ ने माइक्रोफोन छीनने की कोशिश की। जरांगे ने कहा कि वह अकेले मुंबई मार्च करेंगे और उन्हें सभी लोगों से केवल समर्थन की जरूरत है।

## एक किलो सोने पर 15 लाख का प्रॉफिट

### विदेशों से मुंबई में गोल्ड स्मगलिंग... केन्या की दो महिलाएं गिरफ्तार



**मुंबई :** गोल्ड स्मगलिंग के केस मुंबई में पिछले एक महीने में खासे बढ़े हैं। कई विदेशी गिरफ्तार हुए हैं। रविवार को कस्टम विभाग ने मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर दो अलग-अलग ऑपरेशन में केन्या की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया। नजमा मोहम्मद और खदीजा तुलु नामक इन दोनों महिलाओं के पास से ढाई-ढाई किलो गोल्ड जब्त किया गया। दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एडवोकेट प्रभाकर त्रिपाठी ने एनबीटी को बताया कि दोनों की जमानत की अर्जी के लिए उन्होंने कोर्ट में अर्जी दी है। इन दोनों महिलाओं ने जो स्टेटमेंट दिया है, उसके मुताबिक, उन्होंने लोन लेकर यह गोल्ड वहां खरीदा था। उसके बाद उन्होंने वहां से मुंबई की फ्लाइट पकड़ी। गिरफ्तार दोनों महिलाओं का मानना था कि मुंबई में गोल्ड बेचने पर मोटा प्रॉफिट होता है। एक किलो गोल्ड पर करीब 15 लाख का मुनाफा हो जाता है। यदि वह मुंबई में गोल्ड बेचने के अपने प्रयासों में सफल हो जातीं, तो वह केन्या वापस जाकर अपना लोन भी चुकता कर देतीं और बाकी की रकम से कुछ सालों के लिए सुकून की जिंदगी जीतीं।

### दुबई में बनते हैं गोल्ड बिस्कुट

एक अधिकारी के अनुसार, केन्या से गोल्ड का कच्चा माल लीगली दुबई जाता है। वहां इस गोल्ड को बिस्कुट में कन्वर्ट किया जाता है। दुबई से गोल्ड के बिस्कुट वापस केन्या भेजे जाते हैं और लोन पर आम लोग इसे वहां ले लेते हैं। फिर मोटी कमाई की लालच में भारत सहित उन कई देशों इसे बेचने ले जाते हैं, जहां ज्यादा प्रॉफिट मिलता है।

## रेलवे स्टेशन से बरामद विस्फोटक मामले में दो गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने कल्याण रेलवे स्टेशन इलाके में विस्फोटक रखने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस इन दोनों से गहन पूछताछ कर असली आरोपियों की तलाश कर रही है. पुलिस के मुताबिक, चार दिन पहले कल्याण रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म एक पर लावारिस पड़े एक बैग में 54 डेटोनेटर मिले थे. रेलवे पुलिस की टीम सीसीटीवी के जरिए इसकी जांच कर रही थी. सीसीटीवी फुटेज देखने के दौरान दो लोग स्टेशन क्षेत्र में अपना बैग छोड़ते हुए पाए गए। इसके बाद जांच टीम ने बदलापुर से जॉय डेविड कलवा उर्फ नायडू और भिवंडी से ऋषिकेश देवीदास निकुंभ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि उन्होंने स्काईवॉक पर एक जोड़े का पर्स चुराया था। उन्होंने बैग से महत्वपूर्ण सामान चुरा लिया और डेटोनेटर को थाना परिसर में छोड़कर भाग गए।

## पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच निकली राजा की रैली



**मीरा रोड :** कानून व्यवस्था और शहर की शांति न बिगड़े इसलिये ड्रोन से भी निगरानी, हर नाके पर पुलिस की कड़ी नजर थी। और इन सब के पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मीरा भायन्दर शहर के मुख्य मार्ग पर उमड़ पड़ा विशाल जनसैलाब, यह सब नजारा था टी. राजा सिंह की विशाल रैली का। काशीमिरा नाके पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात विशाल जन सैलाब को खुले वाहन से ही सम्बोधित करते हुए अपने सम्बोधन में तेलंगाना के विधायक टाइगर टी राजा ने कहा की मैं छत्रपति शिवाजी महाराज के मावलों को संबोधित करने आया हूँ शिवाजी महाराज ने केवल महाराष्ट्र में ही नहीं वरन पूरे भारत में हिंदू समाज की रक्षा की और हम उन्हीं के आदर्शों पर चलने वाले कट्टर हिन्दू सैनिक है,और अब गौ हत्या,या लव जेहाद को होने ही नहीं देंगे,मुझे रोकने की हर प्रकार से कोशिश की गई पर सत्य की जीत हुई और मैं आज आप लोगों के बीच में हूँ। गौरतलब है की उन्होंने इस अवसर आज के युवाओं को छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। मीरा भायन्दर पुलिस ने वाकई काबिले तारीफ कार्य किया है इतनी बड़ी विशाल रैली और शांति से सम्पन्न हुई।

## मुंबई का एक ऐसा चोर, जिस रेलवे स्टेशन पर एक बार चोरी करता वहां सात दिन बाद ही आता था

### बोरीवली, अंधेरी, बांद्रा, दादर और मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन में करता था चोरी

### चोरी के 17 मामले को हल करने में अंधेरी पुलिस को मिली कामयाबी...



**मुंबई:** मुंबई लोकल के पलक झपकते ही यात्रियों का सामान गायब कर देने वाले एक ऐसे झपटमार को रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) ने अरेस्ट किया जो एक बार जिस रेलवे स्टेशन पर वारदात को अंजाम देता वहां करीब एक सप्ताह बाद ही दोबारा आया करता था ताकि उसका चेहरा भीड़ में गुमनाम बना रहे। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी के निशाने पर मुंबई रेल नेटवर्क के वे सभी प्रमुख स्टेशन थे, जहां भीड़भाड़ ज्यादा होती है। मसलन बोरीवली, अंधेरी, बांद्रा, दादर और मुंबई सेंट्रल। इसके अलावा आरोपी मुंबई से बाहरी जिलों में चलने वाली लोकल में भी यात्रियों को झपटमारी का शिकार बनाया करता था। इस आरोपी का नाम समीर मुजीब शेख है। 29 साल का समीर पिछले 9 सालों से लोकल में चोरी झपटमारी कर रहा है। इससे पहले भी वह शहर के भीतर छोटे छोटे क्राइम को अंजाम दिया करता था। लेकिन, सीसीटीवी कैमरे और पुलिस की अत्यधिक तैनाती एवम सतर्कता के कारण उसने शहर की बजाए रेलवे परिसर में वारदात को अंजाम देना आसान समझा और लोकल ट्रेनों में चोरी झपटमारी करने लगा। समीर कम पढ़ा लिखा है और घाटकोपर के छेड़ा नगर में रहता है। इसके द्वारा किए गए 17 मामलों का अब तक खुलासा हुआ है। आगे और भी मामले का भंडाफोड़ होने की बात कही जा रही है।

## हत्या के मामले में 20 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। 20 वर्षीय आरोपी शिवम मिश्रा, जो पिछले साल मई से फरार था, को पालघर जिले के नालासोपारा इलाके में दो लोगों की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी. प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 मई 2023 को शिरडी नगर में हुई घटना में 18 वर्षीय रौनक अंजनी तिवारी और किशन संजय झा की मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य शिवम ओमप्रकाश मिश्रा घायल हो गया था। पुलिस को मृतकों के शव आंशिक रूप से जले हुए मिले। ये तीनों दोस्त थे। पुलिस को दो लोगों की हत्या में शिवम मिश्रा की भूमिका पर संदेह था और अस्पताल में इलाज के दौरान भी उस पर नजर रखी गई थी। शिवम मिश्रा ने गिरफ्तारी से पहले जमानत की मांग की थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया. इसके बाद शिवम फरार हो गया था।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### जरूरी है बेल कानून

सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार से यह पूछना मायने रखता है कि जमानत के प्रावधानों से संबंधित नया कानून लाने पर काम हो रहा है या नहीं। दरअसल, यह मामला सुप्रीम कोर्ट के ही जुलाई 2022 में दिए एक आदेश से जुड़ा है। उसमें कोर्ट ने केंद्र सरकार को कहा था कि जिन मामलों में अधिकतम सजा सात साल से कम हो, उनमें जमानत को लेकर नया कानून बनाया जाए।

इस संबंध में जो कोर्ट की चिंता है, वह देश के सिविल सोसाइटी सदस्यों की बातों से भी लंबे समय से झलकती रही है। जुलाई 2022 के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने उसे इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया था कि भारत को कभी पुलिस स्टेट में तब्दील नहीं होना चाहिए। इसे लेकर हमेशा सचेत रहना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि आजादी के बाद से भारत लोकतंत्र की राह पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ता रहा है। अगर थोड़ा आगे-पीछे आजाद हुए अन्य देशों के अनुभवों के मुकाबले देखा जाए तो भारत में लोकतंत्र की जड़ें कहीं ज्यादा गहरी हैं। लेकिन फिर भी पुलिसिया ताकतों के गैरजरूरी इस्तेमाल की शिकायतें मिलती रहती हैं। और, दुर्भाग्य से उनमें से ज्यादातर शिकायतें ऐसी होती हैं, जिन्हें निराधार कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। यहां इस तथ्य को रेखांकित करना खास तौर पर जरूरी है कि यह समस्या किसी एक राजनीतिक दल से जुड़ी नहीं है। अगर ऐसा होता तो इस अर्थ में अच्छा था कि तब समस्या का समाधान अपेक्षाकृत आसान होता। लेकिन अलग-अलग कालखंडों की बात तो दूर, एक ही समय में अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकार होने के बावजूद वहां से ऐसी शिकायतें मिलती रहती हैं।

शायद यह भी एक वजह है कि अदालतों ने इसे लेकर सख्त रुख अपनाया है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्टों के ऐसे कई आदेश हैं जो बताते हैं कि सरकारी तंत्र को नागरिकों के अधिकारों को लेकर ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। अनावश्यक गिरफ्तारी या जमानत में देरी के अलग-अलग मामलों से निपटते हुए ऊपरी अदालतें ऐसे निर्देश देती रही हैं। लेकिन उनका ज्यादा असर नहीं दिखा तो उसकी एक वजह यह भी है कि इस बारे में कोई ऐसा स्पष्ट कानून नहीं है, जो राज्यों में कानूनी एजेंसियों के लिए मार्गदर्शन का काम करे। जाहिर है, सुप्रीम कोर्ट का यह दखल जरूरी और महत्वपूर्ण है। अगर सरकार ने अब तक कानून बनाने की दिशा में कोई गंभीर पहल नहीं की है तो अपने इस रुख को तत्काल बदलते हुए प्रभावी कानून लाने के प्रयासों में तेजी लानी चाहिए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok

# कभी पूरी नहीं हुई मोदी की गारंटी... आम चुनाव में होगा बदलाव - शरद पवार

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से देश के लोगों की दी गई 'गारंटी' या वादे कभी पूरे नहीं हुए। वह पुणे में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के कार्यकर्ताओं की पहली सभा में बोल रहे थे। इस दौरान महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले और शिवसेना (यूबीटी) नेता सचिन अहीर भी मौजूद थे। पवार ने कहा, आज का कार्यक्रम ऐतिहासिक है। महाराष्ट्र और देश में (आगामी आम चुनाव) बदलाव देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री देश को एक अलग रास्ते पर




ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। देश के शासक लोगों की भलाई के लिए काम नहीं कर रहे हैं। किसान गहरे संकट में हैं। उन्होंने दावा किया कि किसान एक साल से ज्यादा समय से केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन वह उन पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा, मोदी की गारंटी कहां है? पीएम मोदी ने कई वादे किए लेकिन वे कभी पूरे नहीं हुए। उन्होंने आगे कहा, पीएम मोदी ने भोपाल में कहा कि राकांपा भ्रष्ट पार्टी है। मैं इस बयान को चुनौती देता हूं। अगर महाराष्ट्र सहकारी बैंक या सिंचाई परियोजनाओं में किसी तरह का घोटाला होता है तो जांच होने दें। सरकार विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करके ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल कर सत्ता का दुरुपयोग कर रही है।

वहीं, कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा, राज्य के लोगों को नशीली दवाओं के बड़े कारोबार से बचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने मराठा और धनगर समुदायों को आरक्षण को लेकर आश्वासन दिए, लेकिन उन्हें पूरा करने में विफल रही। उन्होंने आरोप लगाया कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने मराठा और ओबीसी समुदायों के बीच संघर्ष पैदा किया। पटोले ने कहा, यही समय है कि कई पाप करने वाली भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जाए। वहीं, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर कटाक्ष किया।

# बोगस कॉलसेंटर अपराध शाखा की छापेमारी

## केनेडा सरकार का अधिकारी बनकर धोखाधड़ी

**मुंबई :** अपराध शाखा ने बोगस कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। अपराध शाखा के अधिकारी को आरे कॉलोनी में बोगस कोल सेंटर चलने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद टीम ने जोहा टेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में छापेमरी की। जहां मौजूद पुरुष कैनेडा के नागरिकों को फोन कर एमेजॉन कंपनी से बात करने का बहाना बताकर लोगों से धोखाधड़ी करते थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मामले में शफीक सिराज बडगुजर (42), शामसुंदर रामनारायण जैस्वाल (28), निखिल विशाल कक्कर (23), सुधाकर बलराम पांडे (22), संजयकुमार रमेशकुमार राईदास (25), मोहीत विनय पटनायक (25) और करण



भगवानदास गुप्ता (27) को गिरफ्तार किया गया है जबकि जिग्नेश चैहाण, सुरज सिंग और परिक्षीत पंड्या वांटेड हैं। पुलिस कि टीम ने छापेमरी की तब पाया कि एक रम के अंदर लैपटॉप और मोबाइल लेकर लोग बैठे थे। सभी केनेडा में अंग्रेजी में बात करते थे और एमेजॉन से बोगस कर्मचारी बनकर बात करते थे। इसके बाद दूसरा आदमी खुद को कॅनडा गव्हर्नमेंट का क्राउन एटॉर्नी जनरल ऑथेरीटी से होने की बात करते थे और अकाउंट से पैसे निकालने के लिए कहते थे। इसे एक एप्लिकेशन के माध्यम से इन्वेस्ट करने के लिए कहते थे जो सीधे इनके अकाउंट में आता था। एक अधिकारी ने बताया कि जहां पर पुलिस ने छापेमारी की थी वह रॉयल पाम में एक गाला है जिसमें जोहा टेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नाम से बोगस कॉल सेंटर चलता था। इसीमें अंदर जाने पर एक कॉन्फ्रेंस रूम था, जिसमें सारे लैपटॉप, मोबाइल और लोग बैठे होते थे। वहीं से एमेजॉन का कर्मचारी बनकर फोन होता था और केनेडा गवर्नमेंट का अधिकारी बनकर दूसरा कर्मी केनेडा भाषा के ट्यून में बात करता था। पुलिस ने मौके से 7 लैपटॉप, 7 चार्जर, 1 राउटर, 7 हेडफोन और 1 से 69 पेज के स्क्रीन शॉट का प्रिंट आउट भी पुलिस ने लिया है। जिसमें डेटा होने की जानकारी है।

# 16 वर्षीय बालक का अपहरण



**भिवंडी।** : शहर के वेतालपाडा परिसर से एक 16 वर्षीय बालक की अपहरण होने की घटना घटित हुई है। जिसकी शिकायत उसके पिता मोहम्मद तुफैल मोहम्मद सब्बीर सिद्दीकी ने शांतिनगर पुलिस थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नाबालिग बालक फाजील मोहम्मद तुफेल मोहम्मद शब्बीर सिद्दीकी (16 वर्ष) का अपहरण करने का केस दर्ज कर लिया है। अपहृत बालक की पिता ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र मोहम्मद तुफेल सिद्दीकी 22 फरवरी को दोपहर एक बजे के दरमियान भिवंडी एस टी डिपो, वेताल पाडा से शांतिनगर के.जी.एन.चौक जाने के लिए निकला था।

# रेजिडेंट डॉक्टर दो दिन से हड़ताल पर, ओपीडी पर असर...

**मुंबई:** महाराष्ट्र के सरकारी मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टरों के हड़ताल का असर पहले दिन देखने को मिला। मरीजों को नंबर काफी देरी से आ रहा था। हालांकि वरिष्ठ डॉक्टरों ने ओपीडी में मोर्चा संभाला था, लेकिन संख्या बल कम होने से पूरा लोड टीचिंग फैकल्टी पर था। महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (मार्ड) गुरुवार शाम 5 बजे से ही हड़ताल पर हैं। स्टाइपेंड में वृद्धि, समय पर स्टाइपेंड मिलने और हॉस्टल की संख्या बढ़ाने की मांग रेजिडेंट डॉक्टर द्वारा सरकार से की जा रही है, लेकिन सरकार से उन्हें केवल आश्वासन मिल रहा है। शुक्रवार को हड़ताल का थोड़ा असर ओपीडी पर देखने को मिला। पैर में चोट लगने के बाद इलाज के अस्पताल की ओपीडी में पहुंचे राजू पाल को डॉक्टरों ने अटेंड तो किया, लेकिन उन्हें काफी समय लग गया।



पाल ने बताया कि मैं लकड़बाजार में काम करता हूं काम करते वक्त मेरे पैर में चोट आई। जब अस्पताल पहुंचा तो डॉक्टर ने देखा, एक्सरे निकलवाया और कच्चा प्लास्टर भी लगाया, लेकिन इस प्रक्रिया में 3 घंटे निकल गए। सीएसटी के निवासी सुधीर सिंह ने बताया कि मुझे बुखार आ रहा है। मुझे पता नहीं था कि डॉक्टरों की हड़ताल है। मेरा नंबर आने को एक घंटे लग गए। सिर में दर्द की शिकायत लेकर भिवंडी से आई फिरदोज कुरेशी ने बताया कि मैं न्यूरोलॉजी के डॉक्टर को दिखाने आई थी। डॉक्टरों ने चेक किया लेकिन यहां आ कर 3 घंटे हो चुके अब दवा लेकर घर जाऊंगी। एनबीटी ने वार्ड में भर्ती अनेक मरीजों से बात की। रेजिडेंट डॉक्टरों से हमने अनुरोध किया था कि वे हड़ताल पर न जाए उनकी मांगे पूरी की जाएंगी। पिछले कैबिनेट के बैठक में मराठा आरक्षण पर ही चर्चा हुई इसके अलावा अन्य किसी भी मुद्दे पर चर्चा नहीं हुआ। 25 फरवरी को होने वाली बैठक में इनकी समस्या का निवारण कर दिया जाएगा। स्टाइपेंड में वृद्धि की जाएगी और हॉस्टल की मरंमत और आनेवाले समय में नए हॉस्टल भी बनाए जाएंगे। वार्ड में भर्ती मरीजों के अनुसार डॉक्टर ने सुबह राउंड लेकर स्वास्थ्य का जायजा लिया। उसके बाद जरूरत पड़ने पर डॉक्टर्स आ भी रहे हैं। इलाज में कोई बाधा नहीं आ रही है।

दैनिक रोकठोक लेखनी

मुंबई : सोमवार 26 फरवरी 2024





# एक घंटे तक जेटी रैंप पर फसे रहे 55 यात्री



**वसई :** वसई और भयंदर को जोड़ने वाली रोरो नौका सेवा को शनिवार दोपहर उस समय दिक्कत का सामना करना पड़ा, जब नाव कम ज्वार के कारण वसई में जेटी रैंप पर एक घंटे से अधिक समय तक फंसी रही। इस घटना के कारण 55 यात्री एक घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे। नौका कर्मियों ने यात्रियों और वाहनों से भरी नाव को दूसरी नाव की मदद से खींचने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड (एमएमबी) वसई और भयंदर को जोड़ने के लिए प्रायोगिक आधार पर रोरो नाव सेवाएं चला रहा है। एमएमबी ने दोनों शहरों के बीच रोरो नौका सेवाएं संचालित करने के लिए सुवर्णदुर्गा शिपिंग एंड मरीन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को मंजूरी दे दी है।

सुवर्णदुर्गा शिपिंग एंड मरीन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी डॉ. योगेश मोकल ने पत्रकारों को बताया, ''रोरो नाव पर कुल 55 यात्री सवार थे, जो कम ज्वार के कारण वसई में घाट पर रैंप के पास फंस गई थी। इसे प्रायोगिक तौर पर चलाया जा रहा है। नौका लगभग एक घंटे तक फंसी रही और फिर वह भयंदर के लिए रवाना हो गई, उन्होंने कहा ''यह प्रायोगिक आधार पर चलाया जा रहा है. तो इन दिनों हम समुद्र की स्थिति देख रहे हैं। घबराने की कोई बात नहीं है. जब उनसे पूछा गया कि क्या नाव को कोई नुकसान हुआ है, तो उन्होंने कहा, ''कोई नुकसान नहीं हुआ। अब, सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं.'' मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में भयंदर और वसई के बीच बहुप्रतीक्षित रोरो नौका सेवा 20 फरवरी को पायलट आधार पर शुरू हुई। यह एमएमआर में दूसरी रोरो सेवा है.

# अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट की सुरक्षा राम भरोसे... एक हफ्ते में दूसरा मामला आया सामने

## बिना वैध टिकट और पासपोर्ट के दुबई की फ्लाइट पकड़ने पहुंचा एक शख्स

**मुंबई :** एअरपोर्ट की सुरक्षा इन दिनों राम भरोसे चल रही है। अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट पर दो मामले सामने आए हैं, जिसमें बिना किसी वैध कागजात के अलग अलग मामलों में दो लोग फ्लाइट पकड़ने पहुंच गए। लेकिन जब वे वैध टिकट नहीं दिखा पाए तब फ्लाइट अटेंडेंट ने सुरक्षा अधिकारी सीआईएसएफ को जानकारी दी। दोनों ही मामलों में सहार पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है, लेकिन सुरक्षा में हुई इतनी बड़ी चूक पर जवाबदेह किसकीहै यह सबसे बड़ा सवाल है। एक अधिकारी ने बताया कि सीआईएसएफ सुरक्षा अधिकारी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। सहार पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उन्होंने एक शख्स मो ईशा मो समशेर आलम



(22) है। जानकारी के मुताबिक आरोपी पर आईपीसी की धारा 477 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। आरोप है कि वह किसी न किसी अपराध को अंजाम देने के उद्देश्य से एअरपोर्ट में घुसा था। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक के मुताबिक आरोपी छह सिक्युरिटी चेक से निकलकर एरोबैग 17 पर पहुंचा था। वह फ्लाइट नंबर 6ए1511 इंडिगो की फ्लाइट से मुंबई से दुबई जानेवाली फ्लाइट पकड़ने पहुंचा था। लेकिन वैध टिकट न होने के कारण फ्लाइट अटेंडेंट ने उसे रुका लिया।

सीआईएसएफ ने मामले की जांच करने के लिए जब सीसीटीवी कैमरा चेक किया, तब पता चला कि आरोपी अराइवल गेट 7 से अंदर घुसा और छह सिक्युरिटी चेक पर कर वह फ्लाइट तक पहुंच गया। फ्लाइट अटेंडेंट ने उसे पकड़कर सीआईएसएफ को सौंप और फिर सीआईएसएफ अधिकारी की शिकायत पर सहार पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फ्लाइट में जाने का उसका इरादा क्या था, वह किस वजह से गया था इसकी जांच पुलिस कर रही है।

**पत्नी को छोड़ने गया था, खुद भी अवैध तरीके से पहुंच एअरपोर्ट**

इससे पहले इसी हफ्ते में ऐसा ही एक और मामला सामने आया था, जिसमें दिनेश चौधरी नामक शख्स को गिरफ्तार किया गया था। चौधरी अपने बच्चे और पत्नी को प्रयागराज के फ्लाइट में जाने के लिए छोड़ने के बाद खुद भी अवैध टिकट का इस्तेमाल कर गोवा की फ्लाइट पकड़ने पहुंचा था। उसमें भी सुरक्षा की बड़ी चूक सामने आई थी। दोनों ही ममलव कि जांच सहार पुलिस कर रही है।

# बारस्कर पर हमला करने पहुंचे चार लोग गिरफ्तार



**मुंबई :** मराठा आंदोलनकारी मनोज जारांगे पर गंभीर आरोपों के बाद अजय महाराज बारस्कर पर हमले की कोशिश का मामला सामने आया है। मराठा समुदाय के आरक्षण की वकालत करने के प्रयासों के लिए जाने जाने वाले बारस्कर ने कुछ दिन पहले जाएंगे को लेकर एक प्रेसकोंफ्रेंस किया था। शुक्रवार को मरीन ड्राइव पुलिस ने बारस्कर को नुकसान पहुंचाने के इरादे से पहुंचे चार लोगों को पकड़ा है। अजय महाराज बारस्कर मराठा आरक्षण की वकालत करने में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं, उन्होंने 2016 में मराठा क्रांति मोर्चा में समन्वयक के रूप में कार्य किया था। वर्तमान में चर्चगेट के एस्टेरिया होटल में रह रहे बारस्कर ने शुक्रवार शाम को अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें निशाना बनाया। मराठा समुदाय का सदस्य होने का दावा करते हुए उन्होंने उनसे मुलाकात की मांग की। होटल में सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनसे उलझने का प्रयास किया, जिससे वे लोग भागने लगे। दो लोगों को पकड़ लिया गया और मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

# बीएमसी की अभय योजना, 1.70 लाख लोगों ने पानी बिल का भुगतान किया...

## 2 लाख लोगों ने समय पर नहीं भरा बिल

**मुंबई :** बीएमसी की अभय योजना का मुंबईकरों द्वारा ठंडा रिस्पॉन्स मिला है। फरवरी, 2020 में कोरोना संकट के दौरान पानी बिल के बकाएदार मुंबईकरों को राहत देने के लिए अभय योजना शुरू की थी। लेकिन पिछले चार साल में अब तक सिर्फ 1,70,363 लोगों ने ही अभय योजना का लाभ उठाया है, जबकि मुंबईकरों पर पानी बिल का 975 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। बीएमसी नियम के अनुसार, समय पर बिल का भुगतान नहीं करने पर हर माह भुगतान राशि का दो प्रतिशत शुल्क लिया जाता है। अतिरिक्त शुल्क न भरना पड़े, इसलिए बीएमसी ने वर्ष 2020 में अभय योजना शुरू की। बीएमसी ने पानी कनेक्शन धारकों को एकमुश्त बकाया राशि भरने पर अभय योजना का लाभ मिलता है।

पिछले पांच सालों में 2 लाख से ज्यादा मुंबईकरों ने अपने पानी के बिल का भुगतान समय पर नहीं किया है। इसमें स्लम एरिया से पानी का बिल न भरने वालों की संख्या भी अधिक है। बीएमसी जलापूर्ति विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबईकरों को पानी का बिल समय पर भेजा जाता है, बिल न भरने वालों का कनेक्शन भी काट दिया जाता है। पानी बिल भरने की समस्या रिहायशी इलाकों में



ज्यादा नहीं आती है। क्योंकि वहां एक कनेक्शन काटने पर पूरी बिल्डिंग का पानी आपूर्ति बंद हो जाती है। लेकिन मुंबई में 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी स्लम में रहती है। यहां से बिल वसूलना सबसे बड़ी समस्या है। स्लम में पानी का बिल वसूलने के लिए गांधीगिरी का भी सहारा लिया गया। बीएमसी झोपड़पट्टियों से बकाया पानी बिल की वसूली के लिए महिला बचत गटों की मदद लेने की योजना बना रही है। यह महिलाएं लोगों से पानी का बकाया बिल भरने के लिए अनुरोध करेंगी। बीएमसी को उम्मीद है कि इस प्रयोग से पानी का बिल बकाएदारों से भरवाने में काफी मदद मिलेगी।


बीएमसी अधिकारी ने बताया कि सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ अन्य सभी वॉटर कनेक्शन के लिए जल शुल्क के बकाया भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए बीएमसी ने सबसे पहले वर्ष 2010-11 और 2014-15 में दो बार 'अभय योजना' लागू की गई थी। अभय योजना का मूल उद्देश्य बकाया वसूल कर राजस्व बढ़ाना है। 15 फरवरी, 2020 से कोरोना लहर की समाप्ति तक अभय योजना को मंजूरी दी गई।

# स्कूली छात्राओं से छेड़छाड़ एक्शन में बाल संरक्षण आयोग... अब तय होगी जिम्मेदारी

**ठाणे :** ठाणे के कपूरबावडी स्थित सीपी गोयनका इंटरनेशनल हाईस्कूल के छात्राओं के साथ छेड़ छाड़ मामले में बाल संरक्षण आयोग भी एक्शन में आ गया है। आयोग की अध्यक्षा एड सुशीला बेन शाह ने शुक्रवार को मुबई स्थित कार्यालय में स्कूल प्रबंधन, पुलिस जांच अधिकारी, ठाणे मनपा शिक्षण विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। आयोग की अध्यक्षा एड शाह अपनी टीम के साथ स्कूल का दौरा करेंगी और पूरे मामले की गहन जांच करेंगी, यह सूचना बैठक में मौजूद उक्त सभी अधिकारियों को दे दी गई है। उल्लेखनीय है कि स्कूल द्वारा आयोजित एक पिकनिक टूर के दौरान बस अटेंडेंट जावेद खान द्वारा कुछ छात्राओं के साथ छेड़ छाड़ की गई थी। इस मामले में अभिवकों तथा राजनीतिक दलों द्वारा हंगामा किए जाने के बाद पुलिस ने जावेद खान को गिरफ्तार कर लिया और स्कूल प्रबंधन ने टूर के दौरान छात्राओं के साथ रही तीन महिला कर्मचारियों को निलंबित कर दिया था। चुकी यह मामला बच्चों से जुड़ा था। इसी के मद्देनजर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया और इस मामले के तह तक जाने का निर्णय लिया। आयोग की अध्यक्षा एड शाह ने बैठक में सभी पक्षों की बात सुनी और कहा कि भले ही स्कूल की तरफ से यात्रा आयोजित करने का ठेका किसी निजी बस टूर कंपनी को दिया गया हो, स्कूल प्रबंधन इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। उन्होंने यह जिम्मेदारी किस तरह से निभाई है। इस मामले की पूरी जांच की जायेगी। इस मामले के पीड़ितों को काउंसलिंग की जरूरत है।

# 'शिकारी विधायक' संजय गायकवाड की बढ़ी मुश्किलें, मामला दर्ज

**मुंबई :** सीएम एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना से विधायक संजय गायकवाड ने कुछ दिन पहले यह दावा किया था कि उन्होंने 80 के दशक में एक बाघ का शिकार किया था और उसकी दांत को अपने गले में पहनते हैं. वहीं अब बुलढाणा से एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड की मुश्किलें बढ़ गई हैं. उनके खिलाफ एक मामला भी दर्ज कर लिया गया है. साथ ही राज्य के वन विभाग ने दांत भी जब्त कर लिया है. दअसल, एक अधिकारी ने कहा कि




शिवसेना विधायक संजय गायकवाड के इस दावे के कुछ दिनों बाद कि उन्होंने 1987 में एक बाघ का शिकार किया था और उसके दांत को अपनी गर्दन पर पहना था, राज्य वन विभाग ने शनिवार (24 फरवरी) को सहायक उपकरण जब्त कर लिया और साथ ही उनके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है. अधिकारी ने बताया कि बाघ के दांत को फोरेंसिक पहचान के लिए भेजा गया है और उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी. विधायक, जो मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सेना से हैं, ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने एक बाघ का शिकार किया था.



# ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से वोटिंग होनी चाहिए - राज ठाकरे



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को लेकर राज ठाकरे ने कहा ''ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से वोटिंग होनी चाहिए. मेरा सवाल है कि, अगर दुनिया में हर जगह मतपत्र से मतदान होता है, तो भारत में ईवीएम से क्यों होता है.'' दरअसल राज ठाकरे लोकसभा चुनाव से पहले प्रदेश भर में अपने दौरे के तहत कल्याण में थे. यहां उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए न सिर्फ ईवीएम बल्की राज्य की सियासत और दूसरे कई मुद्दों पर बयान दिया. उन्होंने राज्य की सियासत को लेकर कहा कि मैंने महाराष्ट्र में राजनीति की वर्तमान स्थिति कभी नहीं देखी है. अब लोगों को उन्हें न्याय के कटघरे में लाना जरूरी है नहीं तो वे यही सोचते रहेंगे कि कोई हमारा पीछा नहीं करेगा और अगर समय रहते जनता ने कदम नहीं उठाया तो महाराष्ट्र की राजनीति और डूब जाएगी. इसके अलावा उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में फरवरी के महीने में ही पानी की हालत खराब हो जाती है, कई हिस्सों में सूखा पड़ जाता है, लेकिन इन सब पर लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता, बल्की जाति का सहारा लिया जाता है.

## राज ठाकरे का शरद पवार पर निशाना

**राज ठाकरे ने शरद पवार पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि कभी छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम नहीं लेने वाले शरद पवार को आज उनकी याद आई. उन्होंने कहा कि शरद पवार ने छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम शायद इसलिए नहीं लिया क्योंकि उन्हें लगा कि अगर वो उनका नाम लेगें तो मुसलमानों का वोट कट जाएगा और अब उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज की याद आ रही है. उन्होंने आगे कहा कि, हमने अपने महापुरुषों को जातियों में बांट दिया है. बता दें कि, हाल में ही राज ठाकरे के एनडीए में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही थीं, जब मुंबई बीजपी के प्रमुख अशीष सोलार ने राज ठाकरे से मुलाकात की थी. दोनों की ये मुलाकात राज ठाकरे के शिवाजी पार्क स्थित घर में हुई थी.**

# भिवंडी अपराध शाखा पुलिस के हाथ लगा हथियारों का जखीरा




**भिवंडी :** भिवंडी अपराध शाखा-2 पुलिस ने मानकोली नाके के पास से एक युवक को हिरासत में उसके पास से 7 देशी माउजर पिस्तौल व 10 जिंदा कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।


इस कार्रवाई के बाद भिवंडी अपराध शाखा -02 के पुलिस हवलदार सुनिल दशरथ सालुंखे की शिकायत पर नारपोली पुलिस ने मध्य प्रदेश निवासी गुरूचरण छबीला सिंह जुनेजा (23) के खिलाफ भारतीय हथियार कायदा कलम, 3,25 सहित महाराष्ट्र पुलिस कायदा कलम 37 (1) (3) 135 के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक भिवंडी अपराध शाखा -2 पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक मध्य प्रदेश से भिवंडी में देशी बंदूक के साथ आने वाला है। पुलिस ने मुंबई नासिक हाइवे स्थित अंजूर पेट्रोल पंप की तरफ जाने वाले रास्ते पर जाल बिछा कर पांचोरी, खकनार बुरहानपुर मध्य प्रदेश निवासी गुरुचरण छबीला सिंह जुनेजा को हिरासत में ले लिया और तलाशी के दरमियान उसके पास से 7 देशी माउजर पिस्तौल व 10 जिंदा कारतूस कुल 2,16,800 रुपए कीमत का मुद्देमाल बरामद किया है।

# मुख्यमंत्री शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धमकी देने वाले शख्स को मुंबई अपराध शाखा ने पुणे से गिरफ्तार किया



**मुंबई :** पुलिस की अपराध शाखा (क्राइम ब्रांच) ने पुणे से शनिवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया। उस पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद श्रीकांत शिंदे को धमकी देने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए धमकी दी थी और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 (2) और 505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगे की जांच जारी है। नागपुर के राज नगर इलाके में आज दोपहर एक पूर्व प्रेस फोटोग्राफर की उसके घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। सदर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि विनय पुणेकर (50 वर्षीय) को गोली मारने के बाद आरोपी फरार हो गया। घर में लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपी की तस्वीरों को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि विनय के गर्दन में गोली मारी गई थी। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। हमलावर को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने अहमदनगर जिले में एक पनीर को लेकर मैकडॉनल्ड्स आउटलेट के खिलाफ कार्रवाई की थी और उसका लाइसेंस रद्द कर दिया था। अब इस मामले में नया मोड़ गया गया है। इस कार्रवाई को लेकर खाद्य और औषधि प्रशासन आयुक्त अभिमन्यु काले ने कहा, एफडीए ने अहमदनगर में मैकडॉनल्ड्स के एक आउटलेट में निरीक्षण किया और कुछ बदलाव करने के लिए कहा।

# नवी मुंबई में ऑनलाइन वेश्यावृत्ति गिरोह का भंडाफोड़... 4 गिरफ्तार



**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के एक लॉज से कथित तौर पर पुलिस ने देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है और तीन महिलाओं को बचाया है। एक अधिकारी ने शनिवार को इस घटना की जानकारी दी। नवी मुंबई के एंटी 'मन ट्रैफिकिंग सेल (एएचटीसी) ने एक नकली ग्राहक भेजने के बाद गुरुवार को नेरुल क्षेत्र के शिरावने में राज इन लॉजिंग एंड बोर्डिंग के परिसर पर छापा मारा। उन्होंने तीन एजेंटों और लॉज के प्रबंधक को गिरफ्तार किया और तीन महिलाओं को बचाया जिन्हें अवैध व्यापार में शामिल किया गया था। उन्होंने कहा, महिलाओं को एक आश्रय स्थल में ले जाया गया है। एएचटीसी के वरिष्ठ निरीक्षक पृथ्वीराज घोरपड़े ने कहा कि एजेंटों ने वेबलिंक और व्हाट्सएप के माध्यम से संभावित ग्राहकों के साथ बातचीत की और चयन के लिए महिलाओं की तस्वीरें साझा कीं। फिर ग्राहकों को लॉज में आवास बुक करने का निर्देश दिया जाता था, जहां महिलाओं को उनके लिए उपलब्ध कराया जाता था। उन्होंने बताया कि तुर्भे पुलिस ने भारतीय दंड संहिता के तहत मानव तस्करी और अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और लॉज के मालिक की तलाश कर रही है।

# लाखों गुटखा की खेप नायगांव पुलिस ने जप्त किया... एक गिरफ्तार

**नायगांव :** नायगांव पुलिस ने एक ट्रक से 40 लाख से अधिक का प्रतिबंधित पदार्थ की खेप बरामद करते हुए एक लोगो को गिरफ्तार किया है। इस विषय में नायगांव पुलिस ने चालक मालिक के ऊपर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की विवेचना करने में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि,महाराष्ट्र राज्य में गुटखा समेत अन्य प्रदार्थ पुरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। उसके बावजूद लोगों द्वारा चोरी छुपे प्रतिबंधित प्रदार्थ विक्री व ले जाते देखे जाते है। हालांकि, इनपर पुलिस कार्रवाई कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार,23 फरवरी को लकी कंपाउंड,ममता इलेक्ट्रॉनिक के पीछे,सागपाडा चिंचोटी, भिवंडी रोड,वसई मे अशोक ले लैंड कंपनी की ट्रक में से अलग-अलग कंपनियों के प्रतिबंधित पदार्थ (गुटखा) की खेप नायगांव पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने बताया है कि, ट्रक से कुल 4,078,000 रुपये गुटखा बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, ट्रक चालक साजिद वायद खान (36), निवासी-राज्य हैदराबाद,व मालिक का यह गुटखा, जो कि महाराष्ट्र राज्य में प्रतिबंधित है,कहीं बेचने ले जाते समय मिला।

# केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने महाराष्ट्र की शिरडी सीट पर अपनी दावेदारी जताई...



**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने महाराष्ट्र की शिरडी सीट पर अपनी दावेदारी जताई है. रामदास अठावले ने कहा है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव शिरडी से लड़ना चाहते हैं और इस बारे में बीजेपी को सोचना चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव में आरपीआई को कम से कम एक सीट दी जानी चाहिए. रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के अध्यक्ष ने आगे कहा कि पहले हमारी पार्टी ने नगर निगम और विधानसभा सीटों पर बीजेपी को फायदा पहुंचाया है इसलिए हमारी पार्टी को मत भूलना. उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस से उम्मीद है कि शिरडी सीट हमें दी जाएगी. मैं यहां से लड़ने के लिए तैयार हूं और चुना भी जाऊंगा. हालांकि अठावले ने ये भी कहा कि वो बीजेपी के सिंबल पर चुनाव नहीं लड़ेंगे. पढ्क (अ) के अध्यक्ष रामदास अठावले ने दावा करते हुए आगे कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी और सहयोगी दलों के खाते में 400 सीटें आएंगी. उन्होंने कहा कि धारा 370, महिलाओं और किसानों के लिए लिए गए फैसले समेत सरकार की ओर से लिए गए कुछ अन्य निर्णयों से एनडीए गठबंधन को फायदा होगा. उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में शिरडी से लड़ने की इच्छा जाहिर की और कहा है कि बीजेपी को इस बारे में जरुर सोचना चाहिए. रामदास अठावले ने इससे पहले भी 17 फरवरी को मीडिया से बातचीत में कहा था कि उनकी पार्टी का लोकसभा में एक भी मेंबर नहीं है. इस दौरान उन्होंने शिरडी या सोलापुर से आगामी लोकसभा का चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की थी.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com